>

Title: Need to set up a hospital in Pratapgarh Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh alongwith a separate hospital for T.B. patients.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में बीड़ी मजदूरों की संख्या आसपास के जिलों से बहुत ज्यादा है। तम्बाकू संबंधी कार्यों में लगे रहने के कारण बीड़ी मजदूरों में टी.बी. जैसी बीमारी और अन्य बीमारी गंभीर रूप से फैली हुई है और हर साल कई सौ लोग टी.बी. रोग से मर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में जानलेवा बीमारी एड्स बड़ी तेजी के साथ फैल रही है और कई लोग इसका शिकार हो रहे हैं और अभी हाल ही में मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ सदर तहसील के जमूआ गांव में दो बच्चों के माता-पिता एड्स से मारे गए और उनके चाचा ने दोनों बच्चों को घर से निकाल दिया कि उन बच्चों को एड्स है और इन दोनों बच्चों को बरसात में एक प्लास्टिक का कवर में अपने को ढककर शमशान में कई रातें बितानी पड़ी। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में कोई बड़ा अस्पताल नहीं है जहां पर इन दोनों बीमारियों का इलाज अच्छे ढंग से हो सके। लोगों को इलाज के लिए इलाहाबाद, लखनऊ, कानपुर और दिल्ली आना पड़ता है।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में एक बड़ा अस्पताल खोला जाए और टी.बी. का एक विशेष अस्पताल भी शीघ्र खोला जाए।